शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती

शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती,
ले गई गौरा पार्वती हाँ ले गई गौरा पार्वती.....

पार्वती जी पूछन लागी जटा में तेरे क्या है पति,
जटा में मेरी गंगा विराजे खूब नहाओ पार्वती,
हाँ शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती....

पार्वती जी पूछन लागी गले में तेरे क्या है पति,
गले में मेरे कंठी माला खूब जपो तुम पार्वती,
हाँ शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती.....

पार्वती जी पूछन लागी हाथ में तेरे क्या है पति,
हाथ में मेरे डमरू विराजे खूब बजाओ पार्वती,
हाँ शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती.....

पार्वती जी पुछन लागी गोद में तेरे क्या है पति,
गोद में मेरे गणपति लाला खूब खिलाओ पार्वती,
हाँ शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती.....

पार्वती जी पूछन लागी संग में तेरे क्या है पति,
संग में मेरे नंदी विराजे खूब घूमो पार्वती,
हाँ शंकर जी का कुण्डी सोटा ले गई गौरा पार्वती.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28401/title/shankar-ji-ka-kundi-sota-le-gayi-gaura-parvati

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |